CLASS-IX MONTHLY EXAMINATION, JUNE - 2024
कक्षा - IX मासिक परीक्षा, जून - 2024

JUNE 2024

HINDI (MT)
मातृभाषा हिन्दी

(समय : 1 घंटा 30 मिनट)

[Time : 1 Hour 30 Minutes]

विषय कोड/Sub. Code : **101**

(पूर्णांक : 50)

[Full Marks : 50]

प्रत्येक प्रकार के प्रश्नों के अंतर्गत दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें तथा उसके अनुसार उत्तर दें।

खण्ड – अ
वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR शीट पर नीला या काला बॉल प्वाइंट पेन से चिह्नित करें। किन्हीं 25 प्रश्नों के उत्तर दें। $25 \times 1 = 25$

1. नालंदा किस प्रदेश में अवस्थित है ?
   (A) बिहार (B) ओडिशा
   (C) उत्तर प्रदेश (D) गुजरात
2. नालंदा कहाँ के इतिहास की गौरव-गाथा को समेटे हुए है ?
   (A) अमेरिका के (B) फ्रांस के
   (C) भारत के (D) जापान के
3. 'भारत का पुरातन विद्यापीठ : नालंदा' शीर्षक पाठ गद्य की कौन-सी विधा है ?
   (A) कहानी (B) रिपोर्ताज
   (C) निबंध (D) रेखाचित्र
4. राजेंद्र प्रसाद के पिता का नाम क्या था ?
   (A) उमाशंकर सहाय (B) शिवशंकर प्रसाद
   (C) महादेव सहाय (D) शंकर सहाय
5. "जीवन की शुद्धता और भावों की सरलता का जितना मार्मिक वर्णन ग्राम-गीतों में मिलता है, उतना परवर्ती कला-गीतों में नहीं।" यह किस शीर्षक पाठ की पंक्ति है ?
   (A) कहानी का प्लॉट (B) ग्राम-गीत का मर्म
   (C) बिहार का लोकगायन (D) बिहार की संगीत साधना
6. सब मिलाकर ग्राम-गीतों की प्रकृति कैसी रही है ?
   (A) कठोर (B) कर्कश
   (C) पौरुष (D) स्त्रैण
7. 'भ्रातृप्रेम' नामक उपन्यास के उपन्यासकार हैं
   (A) राजेंद्र प्रसाद (B) लक्ष्मीनारायण सुधांशु
   (C) शिवपूजन सहाय (D) रामकुमार
8. सूफी कवि मंझन ने प्रेम की अमूल्यता की उपमा किससे दी है ?
   (A) रजत (B) स्वर्ण
   (C) हीरा (D) नग (अँगूठी का)

9. कवि मंझन के अनुसार प्रेम पथ पर सिर कटा देनेवाला क्या कहलाता है ?
(A) राजा (B) रंक
(C) देवता (D) महात्मा

10. कवि मंझन के अनुसार किसकी ज्योति से यह संसार प्रकाशमान है ?
(A) हीरक के ज्योति से (B) स्वर्ण के ज्योति से
(C) प्रेम रूपी ज्योति से (D) रजत के ज्योति से

11. कवि गुरु गोविंद सिंह के अनुसार मनुष्य मूल रूप से किसकी संतान है ?
(A) दुरात्मा की (B) ईश्वर की
(C) साधु की (D) इनमें से कोई नहीं

12. गुरु गोविंद सिंह का मूल नाम क्या था ?
(A) गोपाल राय (B) गिरिधर राय
(C) गोविंद राय (D) गोविंदा राय

13. गुरु गोविंद सिंह के गुरु कौन थे ?
(A) गुरु अर्जुन देव (B) गुरु तेगबहादुर
(C) गुरु नानक (D) गुरु अंगद देव

14. वीणा बजाने की प्रवीणता के कारण विशेषज्ञ समुद्रगुप्त को क्या कहा करते थे ?
(A) उदंत मार्तण्ड (B) नृत्य मार्तण्ड
(C) संगीत मार्तण्ड (D) नायक मार्तण्ड

15. ध्रुपद गायन की परम्परा में दरभंगा घराने को ख्याति मिली है
(A) राष्ट्रीय (B) नगरीय
(C) महानगरीय (D) अंतरराष्ट्रीय

16. मांगन खवास की ख्याति किस रूप में है ?
(A) सितार वादक के रूप में (B) ठुमरी गायक के रूप में
(C) तबला वादक के रूप में (D) ध्रुपद गायक के रूप में

17. जिससे किसी काम के करने या होने का बोध हो, उसे क्या कहते हैं ?
(A) परसर्ग (B) धातु
(C) क्रिया (D) काल

18. क्रिया के मूल रूप को क्या कहते हैं ?
(A) अधातु (B) धातु
(C) प्रत्यय (D) अव्यय

19. मुख्य क्रिया की सहायता करनेवाली क्रिया को क्या कहते हैं ?
(A) सहायक क्रिया (B) पूर्वकालिक क्रिया
(C) द्विकर्मक क्रिया (D) विधि क्रिया

20. 'शिक्षक विद्यार्थी को हिन्दी पढ़ाते हैं ।' – किस क्रिया का उदाहरण है ?
(A) क्रियार्थक क्रिया (B) द्विकर्मक क्रिया
(C) पूर्वकालिक क्रिया (D) नामबोधक क्रिया

21. 'छात्र कमरे में हैं ।' – यह वाक्य किस कारक का उदाहरण है ?
(A) कर्त्ता (B) कर्म
(C) अपादान (D) अधिकरण

22. 'रमा को किताब पढ़ने दो' – यह वाक्य किस कारक का उदाहरण है ?
(A) कर्त्ता कारक (B) कर्म कारक
(C) संप्रदान कारक (D) करण कारक

23. संबंधकारक का चिह्न है
(A) में, पर (B) को, के लिए
(C) का, के, की (D) से, द्वारा

24. 'आँखें फेरना' – मुहावरे का अर्थ है
(A) विरुद्ध होना (B) खुशामद करना
(C) अधीन होना (D) गले लगाना

25. 'टोपी उछालना' – मुहावरे का अर्थ है
(A) अंतिम साँस लेना (B) आदर करना
(C) अपमानित करना (D) आराम करना

26. उच्चारण-स्थान की दृष्टि से 'औ' वर्ण है
(A) अनुनासिक (B) कंठतालव्य
(C) कंठोष्ठ्य (D) दंतोष्ठ्य

27. निम्नलिखित में कौन द्विगुण व्यंजन हैं ?
(A) ड, ढ (B) ड़, ढ़
(C) द, ध (D) न, ण

28. निम्न में किन वर्णों के मेल से 'क्ष' वर्ण बना है ?
(A) क् + श (B) क् + स
(C) क् + ष (D) क + ष

29. निम्न में कौन वाक्य प्रेरणार्थक क्रिया का उदाहरण है ?
(A) राम गीत गाता है । (B) मोहिनी किताब पढ़ती है ।
(C) वह खाकर सो गया । (D) प्रेरणा विराट से पत्र लिखवाती है ।

30. 'रहीम, करीम से लंबा है' – इस वाक्य में कौन कारक है ?
(A) करण कारक (B) अपादान कारक
(C) संबंध कारक (D) कर्म कारक

खण्ड – ब

विषयनिष्ठ प्रश्न

1. *निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 - 200 शब्दों में निबंध लिखें :* $1 \times 6 = 6$

(i) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(ii) समाचार पत्र का महत्त्व

(iii) आम चुनाव

(iv) मेरा शहर ।

2. जन्मदिन की बधाई देते हुए अपने मित्र के पास पत्र लिखें । 4

अथवा

ग्रीष्मावकाश बिताने के बारे में दो छात्रों के बीच के संवाद को लिखें ।

3. *निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें :* $5 \times 2 = 10$

(i) 'पेम गहा बिधि परगट आवा' पंक्ति से कवि ने मनुष्य की किस प्रवृत्ति की ओर संकेत किया है ?

(ii) कवि मंझन ने अपने गुरु के संबंध में क्या कहा है ?

(iii) गुरु गोविंद सिंह की किन्हीं चार रचनाओं के नाम लिखें ।

(iv) गुरु गोविंद सिंह के प्रथम पद का संक्षेप में सार लिखें ।

(v) 'ग्राम-गीत का मर्म' शीर्षक निबंध के अनुसार गार्हस्थ्य कर्म विधान में स्त्रियाँ किस तरह के गीत गाती हैं ?

(vi) कला-गीत और ग्राम-गीत में क्या अंतर है ?

(vii) लक्ष्मीनारायण सुधांशु का संक्षेप में जीवन-परिचय दें ।

(viii) राजेन्द्र प्रसाद का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(ix) एक जीवंत विद्यापीठ के रूप में नालंदा कब विकसित हुआ ?

(x) नालंदा में किन पाँच विषयों की शिक्षा अनिवार्य थी ?

4. *सप्रसंग व्याख्या करें :* 5

"आदिकवि वाल्मीकि ने विरह-विह्वल राम के मुख से सीता की खोज के लिए न जाने कितने पशु-पक्षी, लता-द्रुम आदि से पता पुछवाया है ।"

अथवा

"एक ही सेव सबही को गुरुदेव एक,
एक ही सरूप सबै, एकै जोत जानबो ।"